# दिनांक 05.07.2023 को अपरान्ह 4.30 बजे से विकास भवन सभा कक्ष में आयोजित जल जीवन मिशन के समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त :–

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 05.07.2023 को अपरान्ह 4.30 बजे से विकास भवन के सभा कक्ष में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 एवं अन्य सदस्य, उप परियोजना प्रबन्धक टी0पी0आई0, जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 व अन्य सलाहकार, सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व आइ0एस0ए0 के समस्त टीम लीडर उपस्थित थे। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं की समीक्षा की गई।

1 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वर्तमान में अत्यन्त धीमी गति से कार्य कराया जा रहा है। परियोजना प्रबन्धक, एल0 एण्ड टी0 से पूछे पर जाने बताया गया कि वर्तमान में 1250 श्रमिक कार्य पर लगे हैं, उनके द्वारा यह भी बताया गया कि बीच के समय में श्रमिकों की संख्या बढ़ाई गई थी परन्तु बरसात के कारण मजदूरों की संख्या कम हो गई है। परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के भीतर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर तीव्र गति से कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें। बार–बार निर्देश दिये जाने के बावजूद भी एल0एण्ड टी0 द्वारा कार्य स्थल पर श्रमिकों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है जिसके कारण कार्य की प्रगति प्रभावित हो रही है, यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है। समयान्तर्गत कार्य पूर्ण नहीं कराये जाने की स्थिति में एल0एण्ड टी0 का दायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी, जिसके लिए संस्था स्वयं जिम्मेदार होगी। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाये जाने की सूचना से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे।

<u>कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।</u>

2 – परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ परिजनाओं में मिट्टी भराई का कार्य एवं पेड़ों की कटाई का कार्य कराया जाना आवश्यक है। पेड़ों की कटाई न होने के कारण कार्य कराये जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है परियोजना परिसर में मिट्टी भराई हेतु समस्त विकास खण्डों में मिट्टी की उपलब्धता हेतु स्थल का चिन्हांकन कर अवगत करायें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) एवं परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि प्रति पेड़ 100 रू0 की दर से वन विभाग में शुल्क जमा कराकर तत्काल पेड़ों की कटाई का कार्य कराना सुनिश्चित करायें।

<u>कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी / अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।</u>

3 – दिनांक 26.05.2023 को जल जीवन मिशन की आयोजित बैठक में परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया था कि 97 मोटर पम्प अधिष्ठापित किये गये परियोजनाओं से दो सप्ताह में जलापूर्ति सुनिश्चित करायें तथा दो सप्ताह में 170 नलकूपों में मोटर पम्प अधिष्ठापित कराते हुए प्रत्येक सप्ताह 20 बोरिंग का कार्य पूर्ण करायें एवं प्रत्येक सप्ताह कम से कम 20 नई बोरिंग का कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करायें, उक्त लक्ष्य से सहमत होते हुए परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 द्वारा आश्वस्थ किया गया था कि निर्धारित समयान्तर्गत कार्यों को पूर्ण करा लिया जायेगा परन्तु दिनांक 05.07.2023 को आयोजित बैठक की तिथि तक किसी भी कार्य के लक्ष्य को पूर्ण नहीं किया जा सका। उक्त से स्पष्ट है कि परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 द्वारा कार्यों में विशेष रूचि नहीं ली जा रही है तथा कार्यों के प्रति

CamScanner

लापरवाही एवं उदासीनता बरती जा रही है, जिसके कारण परियोजनाओं को समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाना सम्भव होगा। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कार्यों को आगामी 10 दिनों के भीतर पूर्ण कराकर अवगत कराना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित किये जाने हेतु प्रक्रिया प्रचलित की जायेगी।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

4 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल स्वीकृत 531 योजनाओं के सापेक्ष अभी तक मात्र 349 परियोजनाओं पर ही नलकूप अधिष्ठापन का कार्य कराया जा रहा है एवं 180 नलकूपों का कार्य व 126 मोटर पम्प अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराया गया है तथा अभी तक मात्र 67 परियोजनाओं को ही क्रियाशील किया गया है। प्रगति के अवलोकन से स्पष्ट है कि कार्य की प्रगति काफी धीमी है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि मोटर पम्प अधिष्ठापित कराये गये 126 परियोजनाओं से 10 दिनों में जलापूर्ति करायें एवं आगामी दो सप्ताह में 10 और नलकूपों का कार्य पूर्ण कराकर 180 पूर्ण व 10 नये पूर्ण कराये गये नलकूप में मोटर पम्प अधिष्ठापित करायें। इसी प्रकार ओवरहेड टैंक की प्रगति भी अत्यन्त धीमी है। कुल स्वीकृत 531 परियोजनाओं के सापेक्ष वर्तमान में 365 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है परन्तु मात्र 60 ओवरहेड टैंक अधिष्ठापित कराकर 52 का कार्य ही पूर्ण किया गया है। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि आगामी दो सप्ताह में अधिक से अधिक ओवरहेड टैंक का कार्यपूर्ण कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित करायें तथा ओवरहेड टैंक स्लैब की 114 कार्यों के सापेक्ष अगले सप्ताह तक 120 कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

5 – कुल स्वीकृत 531 परियोजनाओं के सापेक्ष एल0एण्ड टी0 द्वारा 449 सोलर पैनेल हेतु मॉग पत्र प्रेषित किया गया है, जिसके सापेक्ष कुल 279 सोलर पैनेल की आपूर्ति की गई है परन्तु अभी तक मात्र 97 परियोजनाओं पर ही सोलर पैनेल का कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 71 परियोजनाओं पर सोलर पैनेल अधिष्ठापित कराया गया है। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि आगामी सप्ताह तक 97 परियोजनाओं पर सोलर पैनेल अधिष्ठापित कराते हुए वर्तमान में उपलब्ध सोलर पैनेल का अधिक से अधिक अधिष्ठापन यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

6 – जल वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 531 स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष अभी तक 314 योजनाओं पर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा प्रस्तावित पाइप लाइन की लम्बाई 8407 कि0मी0 के सापेक्ष अभी तक मात्र 2801 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का ही कार्य पूर्ण कराया गया है, जिसकी प्रगति काफी कम है। इसी प्रकार प्रस्तावित गृह संयोजन संख्या 302490 के सापेक्ष अभी तक मात्र 118046 गृह संयोजन का ही कार्य पूर्ण कराया गया है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि कार्य पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराकर लाभार्थियों को टैप कनेक्शन देते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

7 – अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि पुर्नगठन कार्य के अन्तर्गत 25 परियोजनाओं पर एल0एण्ड टी0 द्वारा कार्य प्रारम्भ कराया गया है। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को

CamScanner

निर्देशित किया गया कि आगामी एक सप्ताह में 10 और परियोजनाओं पर कार्य प्रारम कराकर 35 कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) तथा परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि 15 से 20 दिनों के भीतर I.I.T. BHU से पुराने टंकियों के टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/ परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

8 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु कुल 539643 मी0 खड़ंजा/ इण्टरलाकिंग/ सी0सी0रोड/डब्ल्यू बी0एम0 रोड एवं बिटूमिन रोड की कटिंग की गई है जिसके सापेक्ष अब तक 350491 मी0 सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य ही पूर्ण कराया गया है। एल0एण्ड टी0 द्वारा उपलब्ध कराये गये 53 ग्राम पंचायतों में 550 रोड कटिंग की सूची का सत्यापन श्री संदीप विश्वास, प्रभारी कन्ट्रोल रूम द्वारा कराये जाने जाने पर स्पष्ट हुआ है कि अभी तक सड़कों के मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है तथा जिन सड़कों के मरम्मत का कार्य कराया गया है उसकी गुणवत्ता ठीक न होने के कारण बरसात में पुनः धँस गई है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करनापड़ रहा है। एल0एण्ड टी0 द्वारा सड़कों के मरम्मत कार्य का विवरण प्रतिशत में दिया गया तथा कोई भी कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण नहीं है, जिससे स्पष्ट होता है कि अभी तक मरम्मत का कार्य पूर्णरूप से नहीं कराया गया है, जबकि उपरोक्त कार्य को पूर्ण कराये जाने हेतु परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निरन्तर निर्देशित किया जाता रहा है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों के सड़कों के मरम्मत का कार्य प्राथमिकता पर तत्काल कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

9 – परियोजना प्रबन्धक मेधज (टी.पी.आई.) द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजनाओं के निरीक्षण में विभिन्न कार्यों से सम्बन्धित पाई गई कमियॉ जिसके निराकरण हेतु एल0एण्ड टी0 को सूची प्रेषित किया गया है, का शतप्रतिशत निराकरण अभी तक नहीं कराया गया है तथा निराकरण की स्थिति से अभी तक अवगत नहीं कराया गया है, जिसके फलस्वरूप यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि किन कमियों का निराकरण कराया जाना शेष है तथा किनका निराकरण हो गया है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि टी.पी.आई. तथा डी0पी0एम0यू0 द्वारा किये गये निरीक्षण में अब तक पाई गई कमियों का निराकरण तत्काल कराना सुनिश्चित करायें तथा निराकरण किये गये कमियों का विवरण लिखितरूप से सम्बन्धित को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही – परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0/टी.पी.आई./डी0पी0एम0यू0।

10 – जनपद के जल स्रोतों के जल जॉच के स्थिति की समीक्षाजिला विकास अधिकारी,वाराणसी द्वारा आई0एस0ए0 टीम लीडरों के साथ की गई। टीम लीडरों को निर्देशित किया गया कि अपने विकास खण्ड से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में कैपेक्स एवं ओपेक्स खाता खुलवाने का कार्य पूर्ण करायें। आइ0एस0ए0 द्वारा फोटो अपलोडिंग की प्रगति संतोषजनक नहीं है तथा यह भी संज्ञान में आया कि एक ही फोटो को दुबारा अपलोड कर दिया जा रहा है, यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है। टीम लीडरों को निर्देशित किया गया कि एक फोटो को एक ही बार अपलोड किया जाये तथा फोटो फ्रंट साइड से साफ खींचा होना चाहिए। यह भी निर्देशित किया गया कि सभी संस्था के सदस्य प्रत्येक कार्य दिवस में 50–50 वाटर सैम्पल एकत्रित कर जल जॉच हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) के माध्यम से लैब में उपलब्ध

CamScanner

कराना सुनिश्चित करायें तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम जल गुणवत्ता की जाँच कराकर सम्बन्धित पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) /डी0पी0एम0यू0/समस्त आइ0एस0ए0 टीम लीडर।

अतः सम्बन्धित को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार अनुपालन निर्धारित समयान्तर्गत सुनिश्चित कराते करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत करायें।

(हिमांशु नागपाल)
मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी–वाराणसी।

पत्रांक– 813 /ज0जी0मि0/बैठक कार्य0/2023–24 दिनांक– 14 जुलाई,2023

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 – जिलाधिकारी महोदय,वाराणसी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2 – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी।
3 – अधिशासी अभियन्ता,षष्ठम निर्माण खण्ड,उ0प्र0 जल निगम,वाराणसी।
4 – श्री संदीप विश्वास, प्रभारी कन्ट्रोल रूम, विकास भवन,वाराणसी।
5 – परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0, वाराणसी।
6 – परियोजना प्रबन्धक, मेधज,वाराणसी।
7 – जिला समन्वयक अधिकारी डी0पी0एम0–वाराणसी।
8 – श्री विवेक कुमार, लैव इंचार्ज द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)वाराणसी।
9 – समस्त आई0एस0ए0 टीम लीडर द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)वाराणसी।

मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

CamScanner